तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026



जूना बिलासपुर हटरी चौक में सड़क निर्माण के लिए तोड़ा गया डिवाइडर।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आज शहर में



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 9 अप्रैल को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे । पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल भिलाई से रवाना होकर बेमेतरा होते हुए दोपहर 3 बजे ग्राम परसदा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास पहुंचेंगे। जहां श्री कौशिक के बड़े भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे और परिवार जनों से भेंट मुलाकात करेंगे। वहां से रवाना होकर 3.35 पर छत्तीसगढ़ भवन पहुंचेंगे। शाम 4 बजे तक छत्तीसगढ़ भवन में कांग्रेस जनों से भेंट मुलाकात कर जिला सूरजपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। सूरजपुर में रात्रि विश्राम करेंगे । यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने दीं।

### जिले में दो कार्यों के लिए 75 लाख स्वीकृत

**बिलासपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बिलासपुर नगर निगम में दो कार्यों के लिए 75 लाख रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने दोनों कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास ने बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-3 में उसलापुर हांफा मोड़ तिराहा में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद मूर्ति स्थापित करने एवं चबूतरा निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** संभागीय अनुज्ञापन समिति बिलासपुर द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा जुलाई में होगी। परीक्षा के लिए बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा,सक्ती जिले के आवेदनकर्ता निःशुल्क फार्म प्राप्त करने एवं परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए यूडीएम हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास स्थित अभियंताएवं संभागीय विद्युत निरीक्षक के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, आवेदन 23 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत शहर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 20 कुदुदंड माताचौरा के पास, 223 फोकट पारा कतियापारा, 111 निराला नगर कतियापारा एवं 124 लोधीपारा नाकापारा में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 23 अप्रैल तक वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# आज बारिश की संभावना, 12 से गर्मी में होगी बेतहाशा बढ़ोतरी



**खास बातें**

- मौसम विभाग ने गुरूवार को जताई बारिश की संभावना
- 12 अप्रैल से अधिकतम तापमान में तेज बढ़ोतरी से गर्मी बढ़ने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम विभाग ने गुरूवार को शहर में बारिश की संभावना जाहिर की है। हालांकि बारिश तेज नहीं होगी और लगातार कई दिनों तक भी नहीं होगी। गुरूवार के बाद न केवल मौसम साफ हो जाएगा, बल्कि अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने 12 अप्रैल से गर्मी में बेतहाशा बढ़ोतरी होने के संकेत भी दिए हैं।

सिस्टम के कारण से आसमान में छाए बादलों के प्रभाव से शहर में बुधवार का मौसम पूरे दिन तक नरम-गरम रहा। सुबह से ही बदली छाई रही, जिससे गर्मी काफी कम महसूस हुई। दोपहर बारह बजे के बाद धूप निकली, लेकिन धूप में अप्रैल वाली तेजी नहीं थी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सिस्टम के असर से मौसम में बदलाव हुआ है। पेंड्रा में मंगलवार को 0.5 मिलीमीटर तो वहीं बुधवार को 1.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान बिलासपुर शहर में बारिश नहीं हुई है। हालांकि शहर में बुधवार को बारिश की संभावना जाहिर की गई थी, लेकिन मौसम बगैर बारिश के मिलाजुला रहा।



शहर में बुधवार को 35.0 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी 22.8 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया। चूंकि पूरे दिन बदली वाला मौसम था, जिससे शाम को शहर की सड़कों पर गर्माहट के बजाए वातावरण में ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग ने गुरूवार को हल्की बारिश की संभावना जाहिर की है, लेकिन बारिश न तो तेज होगी और ही कई दिनों तक होगी। गुरूवार के बाद मौसम साफ हो जाने की संभावना जाहिर की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्रैल के बाद आसमान पूरी तरह साफ रहने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। विभाग द्वारा इस दौरान गर्मी में बेतहाशा बढ़ोतरी के भी संकेत दिए हैं।

### हल्की बारिश की संभावना

सिस्टम के प्रभाव से गुरूवार को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा। 12 अप्रैल के बाद अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी।

- डॉ.एचपी चंद्रा
मौसम वैज्ञानिक



**तालाब में जलकुंभी**

सफाई नहीं होने से जोरापारा तालाब में जलकुंभी छा गई है। यह तालाब हरे-भरे मैदान की तरह नजर आ रहा है।

## रिसॉर्ट बनाने के नाम पर सवा तीन करोड़ की ठगी

# रायपुर के बिल्डर सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट के आदेश पर परिवाद में कान्हाकिसली में रिसॉर्ट बनाने के नाम पर शहर के एक व्यक्ति से 3 करोड़ 15 लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया, इस मामले में रायपुर के बिल्डर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को एक दिन की पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- दोनों आरोपी पुलिस रिमांड में,कोर्ट के आदेश पर हुआ जुर्म दर्ज

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी विशाल सिंह चंदेल उर्फ विक्की ने कोर्ट में परिवाद पेश किया। इसके अनुसार वे 27 खोली, हालमुकाम प्रियदर्शनी नगर पचपेड़ी नाका राजेन्द्र नगर रायपुर निवासी दीपेन्द्र पाढ़ी पिता सुरेन्द्र नाथ पाढी 56 साल को अपने पिता के समय से 30 सालों से जानते हैं, वे उनके रायपुर स्थित पारिवारिक मकान में किराए से रहते थे। उनकी उसके दोस्त दुर्ग कातुल बोड़ हर्ष रायल हालमुकाम सरोना पार्थिवी प्रोविन्स कालोनी रायपुर निवासी कुसुमाकर राव भोसले पिता स्व. गुलाब राव भोसले 59 साल से जान पहचान थी। दीपेन्द्र पाढ़ी आर्किटेक्ट व बिल्डर है। उसका दोस्त उसके साथ काम करता है। वर्ष 2017 - 18 में श्री चंदेल से दोनों आरोपियों ने कहा वे मध्य प्रदेश कान्हा किसली में आईलैण्ड रिसार्ट बनवा रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने श्री चंदेल से 2017 में 20 लाख रुपए एवं 24 जनवरी 2018 को 1 करोड़ रुपए उनके आफिस अग्रसेन चौक में लिखापढ़ी कर इकरारनामा साथ लिए थे। 24 जनवरी 2018 को आरोपियों के द्वारा अपनी फर्म आरकेबी टेक के नाम से चेक में हस्ताक्षर कर दिया गया था। उसके बाद वर्ष 2021 में 80 लाख रुपए एवं वर्ष 2022 में 1 करोड़ 15 लाख लिया गया था। रुपए लेने के बाद दोनों लौटाने के लिए घुमाने लगे। श्री चंदेल रायपुर स्थित उनके निवास में अपना पैसा वापस मांगने गए तो दोनों ने अपने किसी मित्र तिवारी के नाम की 3 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करा देने की बात कही, इस पर श्री चंदेल ने मना कर दिया। विश्वास में लेकर उन्होंने अपने पिताजी से मिलवाया, आश्वासन दिया कि वे रकम वापस करा देंगे। रुपए वापस नहीं मिलने पर श्री चंदेल ने परिवाद पेश किया। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 420, 211, 34, 467, 468, 120 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने बल के साथ रायपुर में दबिश देकर आरोपी दीपेन्द्र पाढ़ी, कुसमाकर राव भोसले को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को एक दिन की पुलिस रिमांड में सौंप दिया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### पीड़ित पर सूदखोरी का आरोप लगाया

पीड़ित श्री चंदेल के द्वारा लगातार अपना पैसा वापस मांगने पर दोनों आरोपी ने सिविल लाइन थाना बिलासपुर में श्री चंदेल व उनके भाई वैभव चंदेल के विरूद्ध सूदखोरी की आड़ में अधिक रकम वसूली की झूठी व मनगढ़ंत शिकायत की थी। आरोपियों ने 3 करोड़ 15 लाख लेकर उन्हें चेक देने के बाद अपना बैंक खाता बंद करा दिया था।

### आरोपी पुलिस रिमांड में

कान्हा में रिसार्ट बनवाने के नाम पर पीड़ित से 3 करोड़ 15 लाख की ठगी की गई है। कोर्ट के आदेश पर परिवाद में बिल्डर सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- निमितेश सिंह परिहार
सिविल लाइन सीएसपी

# 15 टीआई सहित 33 पुलिसकर्मियों का तबादला, सतपथी एसीसीयू प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने 15 टीआई 8 एएसआई, 4 प्रधान आरक्षक सहित 33 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। बड़ी संख्या में थाना प्रभारियों के तबादला से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

8 अप्रैल को एसएसपी रजनेश सिंह ने 15 टीआई सहित 33 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इसमें पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई गोपाल कृष्ण सतपथी को एसीसीयू प्रभारी बनाया गया है। वहीं एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग को बिल्हा थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह एयरपोर्ट चकरभाठा सुरक्षा से टीआई दामोदर मिश्रा को हिर्री थाना प्रभारी व हिर्री थाना प्रभारी टीआई रविशंकर तिवारी को एयरपोर्ट चकरभाठा सुरक्षा व अजाक थाना प्रभारी टीआई कृष्ण चंद सिदार को मस्तूरी थाना प्रभारी, रेंज साइबर थाना टीआई रजनीश सिंह को तोरवा थाना प्रभारी, कोनी थाना प्रभारी भावेश शेंडे को चकरभाठा थाना प्रभारी, आईसीयूएडब्ल्यू प्रभारी राजश्री दामू कोशले को कोनी थाना प्रभारी, चकरभाठा टीआई उमेश साहू को अजाक थाना प्रभारी बनाया गया है।

टीआई संजय सिंह को पुलिस लाइन से कानून व्यवस्था नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, टीआई उत्तम साहू को पुलिस लाइन से कानून व्यवस्था नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन, अवनीश पासवान को बिल्हा से कानून व्यवस्था नगर पुलिस अधीक्षक एसडीओपी कोटा, टीआई अभय सिंह बैस को तोरवा से कानून व्यवस्था नगर पुलिस अधीक्षक सरकण्डा, एसआई ओंकारधर दीवान को मोपका चौकी से पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप प्रभारी, एसआई ओमप्रकाश कुर्रे को सिविल लाइन से मोपका चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### 8 एएसआई इधर-उधर

एएसआई अजय चौरसिया का पुलिस लाइन से सिरगिट्टी, भोलेनाथ तिवारी का सिटी कोतवाली से कोनी, चिंरजीव प्रसाद राठौर का कोनी से सिटी कोतवाली, ओम प्रकाश परिहार का पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप से पुलिस लाइन, भरत राठौर का सरकण्डा से यातायात, प्रकाश बाबू कुर्रे का यातायात से सरकण्डा, भुनेश राम साहू का तखतपुर से जूनापारा चौकी, मनोज शर्मा का जूनापारा चौकी से तखतपुर तबादला किया गया है। इसी तरह 4 प्रधान आरक्षक व 6 आरक्षकों का तबादला किया गया है।

### तबादला के बाद भी जमे हैं पुलिसकर्मी

10 मार्च जिले के 130 पुलिसकर्मियों का जम्बो तबादला आदेश जारी कर तत्काल रवानगी देने का आदेश दिया गया था। उसके दो दिन बाद एसीसीयू में नए पुलिसकर्मियों की पोस्टींग कर लंबे समय से जमे दो सिपाहियों का अलग अलग थाने में तबादला किया गया था। 27 दिन बाद भी अधिकांश पुलिसकर्मी पुराने थाने व एसीसीयू टीम में जमे हुए हैं।

# स्टॉक व रेट चस्पा नहीं करने पर दो खाद दुकानों में 21 दिनों तक बिक्री प्रतिबंधित

**बिलासपुर।** खरीफ सीजन को ध्यान में रखकर किसानों को खाद, बीज और कीटनाशकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और वितरण में गड़बड़ी रोकने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने छापामार कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इसके अंतर्गत बुधवार को मस्तूरी के जोंधरा क्षेत्र में निजी खाद विक्रेताओं के द्वारा स्टॉक एवं दर की जानकारी चस्पा नहीं करने के कारण उनके 21 दिनों तक खाद विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कृषि विभाग द्वारा 1 अपैल से खरीफ सीजन प्रारंभ होते ही जिला एवं विकासखंड स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन करते हुए औचक निरीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में उड़नदस्ता दल को बुधवार को विकासखंड मस्तूरी के जोंधरा क्षेत्र में संचालित कृषि केंद्रों की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं मिली हैं। इसके अंतर्गत मेसर्स प्रजापति खाद भंडार में बिल और वास्तविक वितरण में अंतर, स्टॉक और दर प्रदर्शित नहीं करना तथा आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने जैसी शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके चलते प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी कर 21 दिनों के लिए उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इसी क्षेत्र में ही एक अन्य मामले में मेसर्स चंदेल ट्रेडर्स में भी स्टॉक और दर प्रदर्शित नहीं करना, निर्धारित प्रारूप में बिल जारी न करना तथा बिना पॉस मशीन के उर्वरक विक्रय जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इस संस्थान पर भी 21 दिनों के लिए बिक्री पर रोक लगाई गई है। संभागीय संयुक्त संचालक कृषि आरके राठौर द्वारा निर्देशित किया गया है कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उर्वरक का वितरण न केवल पॉस मशीन के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए हैं, बल्कि स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने की बात भी कही है। इस तरह की अनियमितताओं की जांच करने के लिए जिले में हर विकासखंड के लिए 4 सदस्यीय उड़नदस्ता दल गठित किया गया है, जो सहकारी और निजी विक्रेताओं के स्टॉक का नियमित निरीक्षण करेगा। साथ ही जिला स्तर पर भी निरीक्षण जारी रहेगा।



**कृषि विभाग की कार्रवाई, अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस**

# धान व बारदाने का गबन, प्रबंधक सहित 3 गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**सीपत धान मंडी का मामला**

सीपत धान मंडी में 14 लाख 66 हजार रुपए का 420.39 क्विंटल धान, 528 नग नया व 5 हजार 45 पुराना बरदाना बेचकर गबन कर दिया गया। विभागीय जांच के बाद पुलिस ने मंडी अध्यक्ष सहित 5 लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत का जुर्म दर्ज कर प्रबंधक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, सीपत जिला सहकारी बैंक शाखा के परिवेक्षक श्री गौरहा को धान मंडी में 2025, 26 धान खरीदी में धान कम होने की शिकायत मिली। उन्होंने धान मंडी में जाकर अवलोकन किया तो धान कम नजर आया। उन्होंने पंजीयन कर्यालय को मंडी में धान कम होने की सूचना दी। पंजीयन व खाद्य विभाग की कमेटी बनाकर धान मंडी की जांच कराई गई। जांच टीम ने मंडी में 420.39 क्विंटल धान, 528 नग नया व 5 हजार 45 पुराना बरदाना कम पाया गया, जिसकी कीमत 14 लाख 66 हजार बताई जा रही है। कमेटी ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष पेश की। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर शाखा प्रभारी सूर्यकांत जायसवाल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मंडी अध्यक्ष तुलसीदेवी कौशिक, प्रबंधक अमित वर्मा, धान खरीदी प्रभारी प्रभाकर वैष्णव, कम्प्यूटर आपरेट रमेश साहू, बरदाना प्रभारी जगन्नाथ कश्यप के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 5 के तहत जुर्म दर्ज का आरोपी प्रबंधक अमित वर्मा पिता स्व. श्याम लाल 40 साल बाजारपारा सीपत, आपरेटर रमेश साहू पिता पंचराम साहू 42 साल नवागांव मचखंडा, बरदाना प्रभारी जगन्नाथ कश्यप पिता स्व. हरनारायण कश्यप 56 साल नवाडीह सीपत को गिरफ्तार कर लिया है।

## 28 पार्षदों ने लगाए प्रश्न, सामान्य सभा में नगर निगम का बजट होगा पास

# सामान्य सभा के लिए प्रश्नों की लॉटरी, 13 को होगी सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा 13 अप्रैल को होगी। सामान्य सभा के लिए बुधवार को प्रश्नों की लॉटरी निकाली है। सामान्य सभा के लिए सत्तापक्ष भाजपा व विपक्ष कांग्रेस समेत एक निर्दलीय पार्षद मिलाकर कुल 28 लोगों ने प्रश्न लगाए हैं। वहीं सामान्य सभा में नगर निगम का बजट भी पास होगा।

नगर निगम का सामान्य सभा 13 अप्रैल को लखीराम आडिटोरियम में होगा, जिसके लिए आज विकास भवन में प्रश्नों की लॉटरी निकाली गई। सामान्य सभा के लिए सत्तापक्ष भाजपा के 14 पार्षद व विपक्ष कांग्रेस के 13 पार्षद एवं एक निर्दलीय पार्षद मिलाकर 28 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाए गए हैं। इन सभी प्रश्नों की आज लॉटरी निकाली गई है और लॉटरी के अनुसार क्रमवार प्रश्न सामान्य सभा में उठाए जाएंगे। शुरुआती एक घंटा सामान्य सभा में प्रश्न काल के लिए दिया जाएगा। प्रश्नों की लॉटरी निकालने के दौरान निगम सभापति विनोद सोनी एवं नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप आदि उपस्थित रहे।



### सामान्य सभा में रखा जाएगा बजट

सामान्य सभा मुख्य रूप से बजट बैठक होगी, जिसमें निगम का बजट रखा जाएगा। इसके पहले एमआईसी की बैठक में निगम के पुनरीक्षित आय व्यय पत्रक वर्ष 2025-26 एवं अनुमानित आय व्यय पत्रक वर्ष 2026-27 पेश किया गया था, जिस पर चर्चा के बाद सर्व सम्मति से बजट पास कर दिया गया था। वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट लगभग 1200 करोड़ का है जो पिछले बजट के मुकाबले अधिक है। एमआईसी से पास होने के बाद यह बजट अब सामान्य सभा में चर्चा और अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। इस बजट में विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यो के अलावा नगर निगम से जुड़े ग्रामीण एरिया के नए वार्डो में बुनियादी सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए अलग से प्रावधान रखा गया है।

### 1 हजार 90 करोड़ राशि का था पिछला बजट

नगर निगम में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 1 हजार 90 करोड़ का अनुमानित बजट पास हुआ था। इसलिए पिछले साल के बजट से इस बार का बजट अधिक का है। इसके लिए नगर निगम के सभी विभागों से प्रस्ताव मंगाए गए थे और माहभर से बजट तैयार करने का काम निगम का वित्त विभाग द्वारा किया जा रहा था। चूंकि एमआईसी में बजट पास हो गया है और किसी तरह संशोधन या बजट को लौटने वाली बात नहीं हुई है इसलिए अब यह बजट सामान्य सभा में रखा जाएगा, जहां पर पक्ष-विपक्ष के बीच बजट पर चर्चा होगी और सामान्य सभा में भी इस बजट को पास कराया जाएगा।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### छटन में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**मुंगेली।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के तीनों विकासखंडों में चरणबद्ध तरीके से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 9 अप्रैल को विकासखंड मुंगेली के ग्राम छटन स्थित हाई स्कूल मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। साथ ही नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित भी किया जाएगा।

### कल होगी 12वीं हिन्दी विषय की परीक्षा

**मुंगेली।** जिले में कक्षा 12वीं की हिन्दी विषय के परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की घटना के बाद परीक्षा पुनः आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा आगामी 10 अप्रैल को जिले के 66 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों के रोल नंबर एवं परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी विद्यार्थी पूर्व निर्धारित रोल नंबर और परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### हितग्राहियों को किया गया चावन का वितरण

**मुंगेली।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में "चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता" सप्ताह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को चावल का वितरण किया गया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को बताया कि राज्य शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न से वंचित न रहे। जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। "चावल उत्सव" के माध्यम से हितग्राहियों को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया गया।

### पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने टोल फ्री नंबर जारी

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में उपभोक्ताओं को पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए व्यापक निगरानी की जा रही है। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों, होटल-प्रतिष्ठानों एवं अन्य संबंधित स्थानों पर लगातार जांच और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी तथा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 105 में संचालित किया जा रहा है। साथ ही तहसील स्तर पर संयुक्त निगरानी एवं जांच दलों का गठन कर दिया गया है, जो नियमित रूप से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित विभाग अथवा टोल-फ्री 18002333663 के साथ ही काल सेंटर के नम्बर 9406275513, 9406275514, 9406275534, 9406275535 और 0775529903 पर संपर्क कर सकते हैं।

## गुणवत्ता से समझौता, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान

# अमृत मिशन योजना: बेतरतीब खुदाई से जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर में नगर पालिका द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी 'अमृत मिशन योजना 2.0' के अंतर्गत खूंटाघाट बांध से पूरे नगर में नल-जल आपूर्ति का कार्य किया जा रहा है। करीब 78 करोड़ रुपए की लागत वाली इस योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन कार्य की धीमी और अव्यवस्थित प्रक्रिया अब आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है।

योजना के तहत शहर में चार ओवरहेड टंकियों का निर्माण, आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। हालांकि पाइपलाइन बिछाने के दौरान जगह-जगह गड्ढे खोदकर कई दिनों तक छोड़ दिए जा रहे हैं, जिससे मोहल्लों के रास्ते बाधित हो रहे हैं और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### सड़कें बदहाल, बढ़ा हादसों का खतरा

नगर के मुख्य मार्गों से लेकर वार्डों की गलियों में बेतरतीब खुदाई से सड़कों की स्थिति खराब हो गई है। बड़ी बाजार क्षेत्र और महामाई पारा सहित कई इलाकों में गड्ढे खोदने के बाद उन्हें समतल नहीं किया गया है, जिससे सड़कें धूल और कीचड़ से भर गई हैं। दुपहिया वाहन चालक फिसल कर हादसों का शिकार हो रहे हैं, साथ ही स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है। शाम के समय खुले गड्ढे बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

### गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि, पाइपलाइन कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि, यदि करोड़ों की इस योजना में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ, तो भविष्य में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### जांच व कार्रवाई की मांग

शहर के सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने योजना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि, यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

लगातार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से ठेकेदार पर सख्ती नहीं करने से लोगों में नाराजगी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आ रही है। वहीं, जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोगों ने ठेकेदार और संबंधित पक्षों के बीच मिलीभगत की आशंका जताई है।

## पुराने स्वास्थ्य केंद्र की जगह बनेगा नया 50 बिस्तर अस्पताल



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से नगर में 50 बिस्तर अस्पताल स्थल का निर्माण होना है। अस्पताल के लिए जगह का चयन करने कलेक्टर तखतपुर पहुंचे। उन्होंने विधायक से चर्चा कर पुराने स्वास्थ्य केंद्र में नया अस्पताल बनाने की बात कहीं। जिस पर पुराने स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति कैसी है इसके लिए पीडब्लूडी को बताने के लिए निर्देश दिए गए।

ज्ञात हो कि विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से 50 बिस्तर शिशु भवन बनना है। इस अस्पताल के बनने से जो मासूम बच्चे ईलाज के लिए बिलासपुर सहित अन्य बड़े अस्पताल में जाते हैं उन्हें यहीं इलाज की व्यवस्था मिल सकेगी। इसके लिए विधायक धर्मजीत सिंह चाहते हैं कि यह अस्तपाल नगर के पुराने स्वास्थ्य केंद्र को तोड़कर ही बनाया जाए। आज 50 बिस्तर अस्पताल के लिए स्थल चयन के लिए बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीएचएमओ सुधा गढ़ेवाल, एसडीएम नितिन तिवारी, तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, बीएमओ उमेश साहू नगर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, अमित मंदानी, अजय देवांगन, वरूण सिंह, सुनील जांगड़े, कोमल सिंह, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, प्रमोद ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे। खपरी रेस्ट हाऊस में आयोजित बैठक में विधायक धर्मजीत सिंह ने अस्तपाल को तखतपुर क्षेत्र में बनाने की बात कहीं। जिसमें पुराने अस्पताल की स्थिति को देखने के लिए पीडब्लूडी को आदेश दिया गया। इसके अलावा लिदरी में बने नए स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया गया।

- विधायक-कलेक्टर सहित अफसरों ने स्थल चयन के लिए की चर्चा

### भाजपा पार्षदों ने की शिकायत

स्वास्थ्य केंद्र स्थल चयन के लिए तखतपुर पहुंचे कलेक्टर से भाजपा पार्षद कोमल सिंह, कैलाश देवांगन, इस्लाम अंसारी, सुरेश देवांगन, सुनील आहूजा ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगरपालिका के द्वारा चौपाटी निर्माण स्थल पर गलत तरीके से शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। उक्त स्थान पर पर्याप्त जगह होने के बावजूद बीचो बीच शौचालय का निर्माण कर कीमती जमींन का दुरूपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर को शिकायत मिलने के बाद तत्काल जांच के लिए एसडीएम को रिपोर्ट देने की बात कही।

## दादी अम्मा दरगाह के सालाना उर्स में उमड़ी भीड़

**सीपत।** बिलासपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर दादी अम्मा साहिबा खम्हरियां के 38 वें सालाना उर्स पाक का समापन मंगलवार को कुल की फातेहा के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस रूहानी जलसे में देशभर से हजारों जायरीन शामिल हुए। उर्स के दौरान मुशायरा, तकरीर, कव्वाली और धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चली, जिसने माहौल को सूफियाना रंग से भर दिया। अंतिम दिन मंगलवार की सुबह 11 बजे तिलावत कर समापन सत्र की शुरुआत की। कार्यक्रम के अंत में सैय्यद मोहम्मद जाहिर आगा कादरी साहब ने अमन-चैन की दुआ मांगी। दुआ के दौरान सभी धर्मों के हजारों जायरीन ने हाथ उठाकर आमीन कहा और देश-दुनिया में भाईचारा व सलामती की दुआएं मांगी। उर्स के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए दरगाह इंतेजामिया कमेटी ने सीपत पुलिस विभाग व ग्राम पंचायत, व्यापारी और मुस्लिम समाज के साथ-साथ सभी का आभार जताया। आयोजन को सफल बनाने में खादिम अब्दुल वहाब खान उर्स कमेटी चेयरमैन मोहम्मद इमरान खान, सेकेट्री इशांक खान, फिरोज खान, इबरार खान, अशद खान, सैय्यद जौहर अली सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उर्स के अंतिम दिन कुल की फातेहा के बाद जायरीनों को गुलाब जल से 'कुल का छींटा' देने की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके लिए कमेटी की ओर से चार बड़े कम्प्रेशर मशीनें लगाई गई थीं। मान्यता है कि, कुल का छींटा लेने से बीमारियां दूर होती हैं और बरकत मिलती है।



### कव्वाली ने बांधा समां

उर्स के दूसरे दिन बरेली के मशहूर कव्वाल मोहम्मद ताहिर चिश्ती ने अपने सूफियाना कलाम से ऐसा समां बांधा कि जायरीन पूरी रात झूमते रहे। कव्वाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज रहे। साथ ही पूर्व अध्यक्ष हज कमेटी मोहम्मद असलम खान, फैजान अहमद शिबू, सैय्यद अकबर बक्शी, इकबाल हक, इरशाद अली, मोहम्मद सिराज, उस्मान खान, मोहम्मद नजीर हुसैन, सैय्यद इंसान अली, रियाज अशरफी, एजाज खान, मौजूद रहे। इस पूरे सालाना उर्स के दौरान मंच संचालन मोहम्मद तौफीक साहब साथ में मुर्तुजा मौलाना, मोहम्मद अब्दुल्ला साहब, हाजी अनवारूल हक ने किया। क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों में होगा विकास- डॉ सलीम राज ने कहा कि, खादिम व उर्स कमेटी को इस बार कव्वाली मैदान में बेहतरीन शानदार इंतेजाम किए। सीपत क्षेत्र के मुस्लिम बहुल इलाकों में विकास कार्य होंगे। उन्होंने आगे कहा, क्षेत्र में आने वाले समय में मास्टर प्लान के साथ दरगाह कमेटी, ग्राम पंचायत, जिला प्रशासन के साथ मिलकर विकास कार्य करेंगे।

### 7 लीटर महुआ, 40 पाव शराब के साथ दो गिरफ्तार



**लोरमी।** आबकारी विभाग ने क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान छापा मार कर अवैध मदिरा के दो अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की। आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा विक्रय की सूचना आधार पर चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम घाटापानी निवासी लवकुमार घृतलहरे के मकान में दबिश देकर पैरा में दबे 40 नग पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर लिया। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(1) ख ,34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में ग्राम बरमपुर निवासी फूलेश भास्कर के कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी आसवित महुआ शराब की जब्ती कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2), 59(क) का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### जटगा रेंज में 48 हाथियों का झुंड कर रहा विचरण

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के जटगा रेंज में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। यहां के जटगा रेंज अंतर्गत स्थित मेरउड़ पहाड़ पर 48 हाथियों का झुंड विचरण कर रहे हैं। हाथियों को यहां का वातावरण काफी रास आ रहा है। हाथी दिनभर पहाड़ पर स्थित एक नाले के निकट विश्राम करते हैं और शाम होते ही चारा व पानी की तलाश में पहाड़ पर विचरण करते रहते हैं। हाथियों का झुंड अधिकांश समय पहाड़ पर भी रहता है। बीच-बीच में नीचे उतर कर इधर-उधर घूमने के बाद फिर वापस लौट जाता है और पहाड़ पर विश्राम करने लगता है। यह सिलसिला विगत दो माह से जारी है। हालांकि हाथियों के पहाड़ पर रहने की वजह से क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं हो रहा है। फिर भी वन विभाग सतर्कता बरत रहा है और हाथियों की निगरानी लगातार की जा रही है।

### सर्व शिक्षक कल्याण संघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ नियमित सर्व शिक्षक कल्याण संघ की महत्वपूर्ण बैठक विश्राम गृह लोरमी में आयोजित की गई, जिसमें संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नवनियुक्त शिक्षकों से संबंधित प्रमुख समस्याओं परिवीक्षा अवधि की समाप्ति, एरियर्स भुगतान, स्टाइपेंड अवधि का एरियर्स, वरिष्ठता निर्धारण एवं वेतन विसंगतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इन समस्याओं के समाधान हेतु व्यापक रणनीति तैयार की गई। मीडिया प्रभारी एवं प्रमुख संघ संरक्षक मनीष गौतम ने बताया, कि बैठक के दौरान सर्वसम्मति से भीमा डाहिरे को मुंगेली जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर राहुल मन्नाडे उपाध्यक्ष, अमित जायसवाल कोषाध्यक्ष, भीकम साहू सचिव, बलवंत अमलेश सह सचिव, संजय कौशिक, अतुल लास्कर, दिलेश्वर श्रीवास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी




**लगरा।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर बेलतरा पश्चिम मंडल में 'बस्ती चलो अभियान' के तहत बुधवार को क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंगला वार्ड क्र 14 से मंगला वार्ड क्र 13 पुरानी बस्ती पटेलपारा में घर-घर जाकर आमजनों से संवाद स्थापित किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष रत्नाकर श्रीवास, मंडल महामंत्री त्रिदेव रजक, मंडल महामंत्री कमल पटेल, वार्ड क्र 13 के पार्षद रमेश पटेल, वार्ड क्र 14 के पार्षद हेमंत मरकाम, पार्षद प्रतिनिधि अमित मिश्रा, पुरुषोत्तम पटेल, पूर्व पार्षद संतोष दुबे, रोहित यादव विष्णु, कमल पटेल, लव पटेल, वैभव, साजिद अली, अभिषेक कौशिक, महेश ठाकुर, संतोष दास, सोनम ध्रुव, किरण ठाकुर आदि मौजूद थे।

## अंधेरे में प्रसव की शिकायत पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान




**लोरमी।** विकासखंड स्थित मातृ-शिशु अस्पताल में अंधेरे में मरीजों के इलाज की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए मामले को तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने एसडीएम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जांच के निर्देश दिए। इस पर सीएमएचओ ने अस्पताल की विद्युत व्यवस्था, प्रसव के दौरान उपलब्ध चिकित्सा सुविधाएं, ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ की उपस्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर गहन जांच की।

जांच के बाद सीएमएचओ ने बताया कि, आंधी-तूफान के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। प्रसव कक्ष में इनवर्टर की व्यवस्था उपलब्ध थी, किन्तु बार-बार बिजली बाधित होने से इनवर्टर ट्रिप होने की समस्या उत्पन्न हो रही थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि, आपातकालीन ड्यूटी के दौरान चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे। गौरतलब है कि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में ग्राम ढोलगी निवासी प्रसूता श्रद्धा राजपूत को प्रसव हेतु भर्ती कराया गया था। विद्युत बाधित होने के दौरान प्रसव संपन्न होने की शिकायत सामने आई थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है, कि प्रसव के दौरान वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था उपलब्ध थी तथा प्राथमिक जांच में अंधेरे में प्रसव जैसी स्थिति की पुष्टि नहीं हुई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए स्पष्ट कहा कि आमजन, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बीएमओ एवं बीपीएम को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं मामले में प्रशासन ने संबंधित प्रसूता एवं नवजात शिशु की स्थिति की भी जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि, जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। कलेक्टर ने उनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं तथा पूरे मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा है।

॥ शोक संदेश ॥



श्री भुलऊ प्रसाद कौशिक जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे बड़े भैया श्री भुलऊ प्रसाद कौशिक जी का स्वर्गवास
दिनांक 30 मार्च 2026, सोमवार को हो गया है।

पगबंधी कार्यक्रम
दिनांक 09 अप्रैल 2026, दिन गुरुवार दोपहर 1:00 बजे
कार्यक्रम स्थल : निवास - परसदा, वार्ड क्र. 09, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

विनम्र निवेदन है कि सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को
श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।

विनीत
धरमलाल कौशिक (भाई) विधायक, बिल्हा
केदारनाथ कौशिक (भाई)
जगदीश प्रसाद कौशिक (पुत्र)


संपर्क
अरुण 7000741028
देवेन्द्र 9907439999

बिलासपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

जागरूकता

## नशा मुक्ति जनजागरण पदयात्रा 11 को



**बिलासपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा नशा मुक्त बिलासपुर खुशहाल बिलासपुर के लक्ष्य को लेकर नशा मुक्ति जनजागरण पदयात्रा 11 अप्रैल शनिवार को निकाली जा रही है। पदयात्रा सुबह 11 बजे लाल बहादुर शास्त्री प्रांगण शनिचरी बाजार से शुरू होगी और पुराना बस स्टैंड चौक, अग्रसेन चौक, मगरपारा चौक, इंदु चौक, मंदिर चौक, नेहरू चौक होते हुए कंपनी गार्डन के रास्ते गोल बाजार से वापस लाल बहादुर शास्त्री प्रांगण पहुंचेगी। यह पदयात्रा लगभग 7 किलोमीटर की होगी। इसके लिए संगठन की जिला इकाई द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां व प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा दीदी एवं राष्ट्रीय महासचिव अजय अवस्थी भी शामिल होंगे। आयोजक टीम ने बताया कि हमारी जिला इकाई द्वारा निरंतर बिलासपुर जिले में एक घण्टे के आरती क्रम, 5 घंटे के दुर्गा चालीसा पाठ एवं 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ के माध्यम से जनजागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के लगभग हर तहसील में संगठन के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से नशा व मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान समाज निर्माण में लगे हुए हैं। इस अभियान के प्रणेता संगठन के संस्थापक, संचालक परमहंस योगीराज श्रीशक्तिपुत्र महाराज हैं। जिनके मार्गदर्शन में पूरे छत्तीसगढ़ को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजक टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 21 हजार लोगों के जुटने की संभावना है। जिसके लिए व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति नशे से ग्रसित है और कई प्रयासों के बाद भी नशा नहीं छोड़ पा रहे तो वे इस आयोजन में अवश्य रूप से शामिल हो और अपने जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

# मांगलिक कार्यों की 15 से होगी शुरुआत

14 अप्रैल को सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा, हिंदू धर्म में मांगलिक कार्यों पर लगा एक महीने का विराम अब समाप्त होने जा रहा है। जिससे विवाह, गृह प्रवेश और नूतन निर्माण जैसे शुभ कार्यों का मार्ग प्रशस्त होगा। पंडित संतोष पांडेय ने बताया कि 15 मार्च से मीन राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ शुरू हुआ खरमास 14 अप्रैल को मेष संक्रांति के साथ संपन्न होगा। इसके बाद अप्रैल में विवाह के लिए केवल 9 दिन ही शुभ मुहूर्त हैं।

### राशि परिवर्तन होते ही खरमास होगा समाप्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

19 अप्रैल को अक्षय तृतीया होने से अबुझ मुहुर्त भी शुभ कार्यों के लिए मिलेगा इस दिन कोई भी आप बिना पंचांग देखें विवाह आदि जैसे सभी मांगलिक कार्य कर सकते हैं।

पंडित ने बताया कि जब सूर्य देव गुरु बृहस्पति की राशि (मीन) में प्रवेश करते हैं, तो वे अपनी शक्ति खो देते हैं, जिसे 'खरमास' कहा जाता है। इस दौरान किए गए शुभ कार्यों का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर रहे हैं और गुरु का बल भी बढ़ गया है जिससे विवाह के बाद वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। बता दें कि 14 मार्च से खरमास शुरू होने के बाद से मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से विराम लग गया था।

ऐसे में विवाह, मुंडन, उपनयन, कर्णवेदन आदि संस्कारों के मुहूत नहीं बन रहे थे। लेकिन, अब 14 अप्रैल की सुबह 11:45 बजे सूर्य मीन राशि से मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास का समापन हो जाएगा। हालांकि, वैवाहिक मुहूर्त 20 अप्रैल से शुरू हो रहे है।

### 17 मई तक होंगे शुभ कार्य

पंडित ने बताया कि अप्रैल और मई माह में विवाह के लिए 8-8 शुभ मुहूर्त हैं। 17 मई से 15 जून तक अधिकमास होने के कारण मांगलिक कार्य पर विराम रहेगा। उसके बाद 19 जून से फिर से नैवाहिक मुहूर्त शुरू होगा। जून में नौ और जुलाई माह में पांच शुभ मुहूर्त रहेंगे।





### कारोबार भी बढ़ेगा



व्यापारी अंनुत खुशलानी ने बताया कि खरमास के दौरान बाजारों में सुस्ती देखी जा रही थी, लेकिन अब दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। कपड़ा, गहना, बर्तन, फर्नीचर और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। 20 अप्रैल के बाद से विवाह सीजन जोर पकड़ लेगा, जिससे कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। वहीं टेंट, बैंड बाजा, कैटरर, हलवाई और खाना बनाने वाले कारीगरों को कारोबार शुरू होने की उम्मीद पबल है।

कार्यक्रम

## 'एकलव्य शूटिंग रेंज' आधुनिक खेल सेवा का शुभारंभ



**बिलासपुर।** विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने तथा उनमें अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे विद्यालय क्र 1 में पहली बार आधुनिक "एकलव्य शूटिंग रेंज" की स्थापना की गई है। यह उपलब्धि विद्यालय के इतिहास में एक अभूतपूर्व एवं स्मरणीय मील का पत्थर साबित हुई है। इस अत्याधुनिक खेल-सुविधा का भव्य शुभारंभ 2 अप्रैल को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमान मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य महेश बाबु, सभी शिक्षकगण एवं अधिकाधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने शूटिंग रेंज का अवलोकन किया तथा इसकी उपयोगिता, सुरक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की सराहना की। उन्होंने इस पहल को प्रतिभाओं को तराशने, लक्ष्यभेदी सोच विकसित करने और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय परिवार ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# भगवान की भक्ति होने से जीव डूब जाता है आनंद में : पं. मिश्रा





भगवान के चरणों में भक्ति होने से जीव आनंद में डूब जाता है। कोई भी काम करने मन शरीर को प्रेरित करता है। भक्ति पाने का साधन श्रीमद भागवत कथा है। जब अधर्म बढ़ता है तो भगवान को स्वयं धरती पर आना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें शिव कुमार देव कुमारी शुक्ला के सरकंडा स्थित निवास स्थान में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा में कथा वाचक पं. नीरज भूषण मिश्रा ने नारद व्यास मिलन व परीक्षित जन्म की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही।

उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत प्रथम स्कंध की एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है। महाकाव्य महाभारत और पुराणों की रचना के बाद भी वेदव्यासजी के मन में असंतोष था। तब देवर्षि नारद ने उनके आश्रम में आकर बताया कि उन्होंने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के बारे में तो लिखा, लेकिन भगवान नारायण कृष्ण की शुद्ध लीलाओं और प्रेम-भक्ति का खुलकर वर्णन नहीं किया है। नारदजी ने कहा कि भगवान यश के वर्णन बिना ज्ञान भी अधूरा है। उन्होंने व्यासजी को अपने पूर्व जन्म की बात सुनाते हुए बताया कि कैसे एक दासी पुत्र से साधुओं की संगति और भक्ति के कारण वे ब्रह्माजी के मानस पुत्र बने। नारदजी की सलाह पर व्यासजी ने भगवान नारायण की प्रसन्नता के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की।

इस तरह नारदजी के प्रेरणा से ही श्रीमद्भागवत जैसे पवित्र ग्रंथ का जन्म हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद शुक्ला, अजय शुक्ला सहित पूरे शुक्ला परिवार का सहयोग मिल रहा है।

### श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा

उत्तरा ने दिया यशस्वी पुत्र को जन्म कथा वाचक ने बताया कि परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से हुआ। अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से गर्भ में पल रहे शिशु को नष्ट करने के प्रयास के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दैवीय शक्ति से उस बालक की रक्षा की और उसे पुनर्जीवन दिया। कुरुवंश के विनाश के बाद जन्म लेने के कारण इनका नाम 'परीक्षित' रखा गया। उन्होंने बताया कि अश्वत्थामा ने पांडवों के वंश को पूरी तरह खत्म करने के लिए उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था पर भगवान श्रीकृष्ण ने मृतप्राय बालक को जीवनदान दिया और उत्तरा ने एक यशस्वी पुत्र को जन्म दिया। राजा परीक्षित ही पांडव वंश के अंतिम बीज थे। जिन्होंने आगे चलकर न्यायपूर्वक शासन किया।

# सुमुख गणेश मंदिर में 11 को वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा, हवन

**बिलासपुर।** श्री सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में शनिवार 11 अप्रैल को वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा पूजा का आयोजन रखा गया है। इस दौरान मंदिर में विराजित सभी देवी-देवताओं के हवन, रूद्राभिषेक व सहस्त्रनाम अर्चना होगी।

हवन प्रातः 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक श्री गणेश, श्री दक्षिणामूर्ति, श्री कार्तिक स्वामी, श्री पार्वती माता, श्री विष्णु, श्री शिवजी, श्री नवग्रह, श्री राम दरबार व श्री वाराही माता की वैदिक रीति से मंदिर के पुजारियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। श्री सुमुख गणेश व सभी देवी-देवताओं की महाद्वीप आराधना की जाएगी। प्रसाद का वितरण होगा। श्री सुमुख गणेश की उत्सव मूर्ति का मंदिर में तीन परिक्रमा कर झूला में बिठाकर झूला झूलाया जाएगा। भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वार्षिक प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने एवं गणेशजी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।



## भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ रचाया रास

**बिलासपुर।** राजस्व कालोनी स्थित शिव हनुमान प्रांगण में साव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा में कथावाचक आचार्य पं. दिनेश पाण्डेय चित्रकूट धाम ने बुधवार को महारास लीला, कंस वध एवं रूक्खमणी विवाह की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ रास रचाया एवं कंस का वध भी किए थे।

श्रीमद भागवत में भगवान श्रीकृष्ण और राजकुमारी रूक्खमणी के प्रेम और उनके विवाह की पौराणिक गाथा है। रूक्खमणी श्रीकृष्ण के गुणों पर मोहित होकर उन्हें मन ही मन पति मान चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी उनका विवाह शिशुपाल से करना चाहते थे। रूक्खमणी के निमंत्रण पर कृष्ण ने उनका हरण कर उन्हें द्वारिका ले गए। जहां वे दोनों विवाह सूत्र में बंधे। यह कथा प्रेम, समर्पण और अधर्म पर धर्म की जीत की प्रतीक मानी जाती है। कथा को सफल बनाने में मनीष, वर्षा साव, विकास, मनीषा साव सहित पूरे साव परिवार का सहयोग मिल रहा है।



आयोजन

## एयू परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के गांधी चौक स्थित पुराने हाई कोर्ट परिसर में अवस्थित श्री हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ श्री राम स्तुति, पूजन एवं आरती संपन्न की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिवार के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं शांति के लिए प्रभु श्री हनुमान जी से प्रार्थना की। आयोजनकर्ता एवं एलुमनी एसोसिएशन के सचिव सूरज सिंह राजपूत ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को यह भक्तिमय चालीसा पाठ एवं पूजन का आयोजन किया जाता है, जिससे शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक भागीदारी भी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. सौमित्र तिवारी उपस्थित रहे साथ ही नीरज यादव, सौरभ, सारांश सिंह, रोहन प्रकाश, अखिल शर्मा, आकांक्षा, अनामिका, अमन कैवर्य, कृति उपाध्याय, मीनाक्षी, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्पोर्टर्स न्यूज

# अंडर-19 में ईस्ट और साउथ जोन ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर 19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी का बुधवार से 2 मैच बिलासपुर में खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पहले राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी किशोर राय और डॉ अशोक मेहता का स्वागत किया गया और खिलाड़ियों का परिचय कराया गया और उन्हीं के द्वारा टॉस की प्रक्रिया पूर्ण कराया गया और वहीं रेलवे मैदान पूर्व खिलाड़ी एवं पूर्व रणजी ट्रॉफी सलेक्टर टी साईं कुमार द्वारा खिलाड़ियों से भेट किया गया।

आज का मैच बिलासपुर की राजा रघुराज सिंह स्टेडियम और रेलवे मैदान में खेला गया। पहला मैच रेलवे मैदान में ईस्ट जोन बनाम वेस्ट जोन के मध्य खेला गया जिसमें वेस्ट जोन के कप्तान शिवम यादव ने गेंदबाजी करने का फैसला किया और ईस्ट जोन पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 322 बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। ईस्ट जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अमितेश मिश्रा ने सबसे अधिक 88 रन चंद्रांश यादव ने 69 रुद्र साहू ने 44 रन और शैवाल सरकार ने 46 रनों का योगदान दिया। वेस्ट जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए अरहम नाहर ने सबसे अधिक तीन विकेट प्राप्त किया इसके अलावा शिवम यादव सार्थक बाजपेई और अंश जायसवाल ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात वेस्ट जोन ने 323 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 32.4 ओवर में 178 बनाकर पूरी टीम आउट हो गई।वेस्ट जोन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अंश जायसवाल ने सबसे अधिक 60 बनाएं, और ललित सोनकर ने 34 रनों का योगदान दिया। ईस्ट जोन की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान आदित्य यादव ने तीन विकेट और अगमजोत सिंह ने दो विकेट प्राप्त किया। इस तरह ईस्ट जोन ने यह मैच 144 रनों से जीतकर चार अंक प्राप्त किया। इस मैच के निर्णायक अभिनव शर्मा और सी एम बिस्वास थे मैच के मैच के दौरान छत्तीसगढ़ टीम के सिलेक्ट के रूप में तरुणेश सिंह परिहार, प्रमोद करमाकर, मनोज सिंह, टीम के कोच टी सुरेंद्र, मैच के स्कोरर महेश दत्त मिश्रा उपस्थित थे। इसके पश्चात बिलासपुर के राजा रघुराज स्टेडियम में दूसरा मैच साउथ जोन बनाम नॉर्थ जोन के मध्य खेला गया।



सीएससीएस मेंस अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी

### 8 विकेट से जीत

इस तरह साउथ जोन ने अपना पहला मैच बड़ी आसानी से 8 विकेट से जीत दर्ज की और चार अंक प्राप्त किया।

9 मार्च को रेलवे मैदान में ईस्ट जोन बनाम नॉर्थ जोन के मध्य खेला जाएगा और चौथा मैच रघुराज सिंह स्टेडियम में वेस्ट जोन बनाम सेंट्रल जोन के मध्य खेला जाएगा। इस मैच के निर्णायक ऋषभ सोनी और बी पंकज नायडू थे स्कोरर के रूप में मोहम्मद जाकिर थे। मैच के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, ओपी यादव, रितेश शुक्ला, शरद मुरारका उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिश्रा कमेटी गठन करने ले रहे बैठक



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिधांशु मिश्रा एवं सरकंडा ब्लॉक के प्रभारी राकेश शर्मा,अखिलेश गुप्ता एवं सरकंडा ब्लॉक अध्यक्ष हितेश देवांगन द्वारा प्रत्येक वार्ड पर वार्ड कमेटी तथा बूथ कमेटी के गठन हेतु लगातार कार्यकर्ताओ की बैठक ली जा रही है।

### सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पाल पहुंचे शहर



**बिलासपुर।** सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल के बिलासपुर आगमन पर संस्कृतिक प्रकोष्ठ शहर व ग्रामीण जिला बिलासपुर के संयोजक सह संयोजक के साथ भेंट मुलाकात जीवन मिश्रा के ऑफिस शिव्या प्लाजा मुंगेली रोड में हुआ। चर्चा के दौरान पार्टी के प्रति पूरे निष्ठा के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए आगे की रणनीति के बारे में जानकारी दी। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय के सह प्रभारी जीवन मिश्रा ने सभी नए पदाधिकारियों ताराचंद मेहर, अभिजीत मित्रा, प्रदेश कार्य समिति अमित चतुर्वेदी, जिला संयोजक बिलासपुर शहर डॉ जेठू साहू, ग्रामीण बिलासपुर संयोजक विनय अग्रवाल, विनोद चावला, रूप सिंह नेटी, होलू दास, अमित कौशिक को गुलदस्ता व भगवा गमछा पहनाकर सम्मान किया गया।

### बेलगहना–टेंगनमाड़ा अंडरब्रिज को बंद रखा जाएगा 13 तक

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बेलगहना–टेंगनमाड़ा स्टेशनों के मध्य रेल अंडरब्रिज पर सड़क आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य के फलस्वरूप इस समपार को दिनांक 21 फरवरी से 6 अप्रैल तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा गया था। इस कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ जाने के कारण अब इस समपार को सड़क यातायात हेतु 13 अप्रैल तक पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया गया है। सड़क मरम्मत कार्य अवधि के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में टेंगनमाड़ा-खोंगसरा स्टेशनों के मध्य रेल अंडरब्रिज से उपलब्ध है।

महिलाओं को दिन भर केन्द्रों के बाहर धूप में बैठने की मजबूरी

# महतारियों को ई-केवाइसी के लिए लगाना पड़ रहा चक्कर, सर्वर की हो रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महतारियों को एक बार फिर लाइन में लगकर ई केवाइसी कराने की नौबत आ चुकी है। पिछले 4 दिनों से जिले भर की हजारों महिलाओं को आंगनबाड़ी, स्कूल और अन्य जगहों पर भरी धूप में चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस दौरान सर्वर की समस्या के चलते घंटों भूखे प्यासे बैठने की मजबूरी का सामना करना पड़ रहा है, इसके बाजवूद कई महिलाओं को बिना ई केवाइसी के लिए वापस लौटना पड़ रहा है लेकिन विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। जिले में चुनिंदा सीएससी वीएलई को इसका जिम्मा सौंपा गया है, जिसके चलते समस्या विकराल होती जा रही है।

■ सीएससी ने चुनिंदा वीएलई को दिया काम

महतारी वंदन योजना के तहत हर माह निश्चित तारीख तक महतारियों के खातों में 1 हजार रूपए मिल रहे है। सरकार की ओर से लाखों महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है, लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी महितारियों को ई केवाइसी करना पड़ रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग व सीएससी द्वारा ई केवाइसी की जा रही है, सीएससी ने चुनिंदा वीएलई को इसके लिए आंगनबाड़ी, सरकारी स्कूल, वार्ड कार्यालय में ड्यूटी लगाई गई है, सुबह 10 से 5 बजे तक कम्प्यूटर आपरेटर वीएलई इस दौरान बैठ रहे है लेकिन घंटों तक सर्वर की बिजी रहता है और तकनीकी समस्याओं का सामना वीएलई को करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि ई केवाइसी के लिए महिलाओं को घर का काम छोड़ केन्द्र का चक्कर काटना पड़ता है, वहीं कई बार घंटों बैठ रहने की मजबूरी के कारण भूखे प्यासे रहना पड़ रहा है, लेकिन इससे महिला एवं बाल विकास विभाग को कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में आने वाले दिनों में योजना की बेड़ागर्त होने की आशंका बनी हुई है।



### सीएससी की मनमानी हावी

खास बात यह है कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस काम के लिए सीएससी को एजेंसी बनाया है, इससे पहले किए गए ई केवाइसी कार्यक्रम के दौरान ज्यादा से ज्यादा सीएससी वीएलई को वाइट लिस्ट किया गया था, लेकिन इस बार सीएससी ने महज चुनिंदा वीएलई को जिम्मेदारी दी है। बताया जा रहा है कि एक वार्ड में एक कम्प्यूटर आपरेटर के भरोसे ई केवाइसी की जा रही है, यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों की भी है जहां महज एक जनपद में एक वीएलई को बैठाया गया है, जाहिर है इससे ई केवाइसी करने में काफी समय लग रहा है।

### 30 जून तक की मोहलत

विभाग ने महतारियों को ई केवाइसी के लिए 30 जून तक की मोहलत दी है, लेकिन प्रतिमाह मिलने वाली राशि बाधित होने के डर से महिलाएं आशंकित है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं केन्द्र में पहुंच रही है और घंटों इंतजार करते हुए लाइन में लग रही है।

### कुछ दिनों में दूर होगी समस्या

सीएससी द्वारा वाइट लिस्ट किए गए वीएलई व कम्प्यूटर आपरेटर को केन्द्र में बैठकर ई केवाइसी करना है। सर्वर और ट्रेनिंग की समस्या आ रही है लेकिन कुछ ही दिनों में यह समस्या दूर हो जाएगी, जिसके बाद महिलाएं ई केवाईसी करा सकेंगी। विभाग के अनुसार 30 जून तक का समय निर्धारित है।

-**सुरेश सिंह**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

## मोदी सरकार की योजनाएं हर गरीब के जीवन में ला रही खुशहाली

**बिलासपुर।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर आयोजित 'बस्ती चलो अभियान' के माध्यम से पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने शहर के विभिन्न वार्डों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 15 विकास नगर स्थित ग्रीन गार्डन कॉलोनी, वार्ड 61 पंडित देवकीनंदन दीक्षित नगर, वार्ड 69 बापू नगर, वार्ड 45 हेमू नगर, वार्ड 31 सरजू बगीचा एवं वार्ड 33 जूना बिलासपुर सहित कई क्षेत्रों में पहुंचकर क्षेत्रीय निवासियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी योजनाएं आज समाज के हर वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही हैं। श्री अग्रवाल ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की और बताया कि कैसे ये योजनाएं लोगों के जीवन को सुगम और बेहतर बना रही हैं। श्री अग्रवाल ने वार्डों की मूलभूत समस्याओं और उनके त्वरित समाधान पर चर्चा की। विभिन्न जगहों में आयोजित बैठकों में उन्होंने अंत्योदय के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भाजपा का मुख्य ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना है।



### आज वार्डों में लेंगे बैठक

'बस्ती चलो अभियान' में नगर विधायक श्री अग्रवाल 9 अप्रैल को दक्षिण और पश्चिम मंडल के विभिन्न वार्डों के प्रवास पर रहेंगे। सुबह 10.30 से 11.15 बजे तक वार्ड 32 रामनगर में बैठक लेंगे। सुबह 11.30 से दोपहर 12.15 बजे तक वार्ड 23 अंबेडकर नगर में और दोपहर 12.30 से 1.15 बजे तक वार्ड 21 ओम नगर में क्षेत्रीय निवासियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

## स्वयं के जीवन से प्रारंभ करने का संदेश दिया गया

**बिलासपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा विभाग की योजनानुसार जिला के नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालय के आचार्य समिति सदस्य, पूर्व छात्र,अभिभावक एवं अन्य का एक दिवसीय बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय तिलकनगर में रखा गया। इस बैठक में विभाग संचालक राजकुमार सचदेव, विभाग संघचालक संघ की स्थापना से लेकर आज तक के कार्यों की जानकारी तथा पंच परिवर्तन का विषय अपने स्वयं के जीवन से प्रारंभ करने का संदेश दिया गया। इस बैठक में प्रदीप शर्मा, डॉ प्रफुल्ल कुमार शर्मा, दिलीप शर्मा, गौरीशंकर कटकवार, गेंदराम राजपूत विभाग समन्वयक उपस्थित रहे। इस बैठक में 320 ब्यक्ति उपस्थित रहे।

## दो माह पहले कराई यात्रियों ने बुकिंग अचानक रद्द हो गई जम्मूतवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन के ऊधमपुर तक चलने वाली एक्सप्रेस को अचानक जलांधर कैंट के बाद रद्द करने के नए आदेश ने प्रदेश के सैकड़ों लोगों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। लोगों ने जम्मू यानि मां वैष्णो देवी के दरबार तक जाने के लिए दो माह पहले से कंफर्म बुकिंग कर ली थी, लेकिन रेलवे ने एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए ट्रेन को जम्मू के बजाय जलांधर में ही समाप्त करने का निर्देश दे दिया। अब ट्रेन के जम्मू नहीं जाने के कारण परेशान यात्रियों के लिए कोई दूसरा विकल्प भी नहीं दिया जा रहा है।

■ श्रद्धालु बड़ी संख्या में जाने वाले थे वैष्णो देवी , रेलवे के निर्णय से छायी मायूसी

पिछले वर्ष जम्मू में हुई घटना के बाद से रेल प्रशासन ने पहले नवम्बर 2025 से लेकर मार्च 2026 के 28 मार्च तक ट्रेन को रद्द करने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत ट्रेन को जम्मूतवी, ऊधमपुर के बजाय जालंधर कैंट से वापस ऊधमपुर-दुर्ग बनाकर रवाना किया जा रहा था। 28 मार्च के बाद जम्मू और आगे स्टेशन तक ट्रेन के जाने की उम्मीद पर सैकड़ों लोगों ने बुकिंग करा ली। स्लीपर के साथ एसी कोच में सफर करने के लिए हजारों रुपए खर्च किए गए। अचानक कुछ दिन पहले रेल प्रशासन ने एक नया आदेश जारी कर दिया। 28 मार्च के बाद उत्तर रेलवे की ओर से परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर केंट स्टेशन में 26 मई तक समाप्त करने और जालंधर केंट से शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द करने का, 28 मई तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस जालंधर कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के मध्य करने का निर्णय लिया है। 27 मई तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस, अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा अंबाला कैंट-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। 29 मई तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के मध्य रद्द की जाएगी। रेलवे के इस निर्णय ने प्रदेश के सैकड़ों लोगों के चेहरों पर मायूसी ला दी है।

### दूसरा विकल्प नहीं

रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए ही जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस को जालंधर कैंट से आगे नहीं चलाने का निर्णय लिया है। जिन लोगों ने ट्रेन में जम्मू तक सफर कराने के लिए पहले बुकिंग कर ली थी, उन्हें जालंधर स्टेशन तक जाने के बाद रिफंड की राशि मिल जाएगी। अब अचानक उनके लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता है।

-**सुस्कर विपुल विलास राव**
सीपीआरओ, एसईसीआर

### सबसे अधिक कमाई वाली ट्रेन

जम्मू में मां वैष्णो देवी के दरबार में प्रतिदिन हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिसमें देश के दूसरे हिस्सों के अलावा छत्तीसगढ़ प्रदेश के भी सैकड़ों लोग वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए जाते हैं। प्रदेश के लोगों के लिए रेल प्रशासन ने दुर्ग से रायपुर, भाटापारा से डायवर्ट उसलापुर होते हुए दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर सुपरफास्ट ट्रेन की सुविधा दी है। यह ट्रेन प्रति मंगलवार और बुधवार को रवाना होती है, जिसमें जम्मू जाने वाले आम यात्रियों के साथ कमाने-खाने वाले मजदूरों की संख्या भी काफी अधिक रहती है, जो दिल्ली, अमृतसर तक सफर करते हैं। यह ट्रेन रेल प्रशासन के लिए सबसे अधिक राजस्व देने वाली ट्रेन में से एक है।

## छग केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के दुर्ग में हुए चुनाव में शहर के राकेश शर्मा बंटी प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। उनके निर्वाचन की खुशी में शहर में रैली निकालकर भव्य स्वागत किया गया।

■ स्थानीय व्यापारियों ने रैली निकालकर किया स्वागत

अध्यक्ष पद के लिए राकेश शर्मा बंटी को 353 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंदी उमेश सीरोठिया को 133 वोट मिले।इस तरह राकेश ने 220 वोट से ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर राजेश साहू 292 वोट के साथ चुने गए। उनके सामने विनोद चंद्राकर को 183 वोट मिले।इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर पवन पालीवाल ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर दशरथ शर्मा विजयी रहे।कोषाध्यक्ष पद पर पवन पालीवाल, सह सचिव अजय अग्रवाल, संगठन सचिव सुरेश शर्मा, पीआरओ अरुण मिश्रा चुने गए। प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राकेश शर्मा के निर्वाचन के बाद बुधवार को शहर के व्यापारियों ने उनके स्वागत में रैली निकाली।



इस अवसर पर ललित पुजारा,प्रकाश जाजोदिया, संजय महोबे,डॉ.अजय गोवर्धन, शिशिर केसरवानी, नीरज छाबड़ा, अशोक जिज्ञासी, शनि प्रकाश तिवारी, केसर देवांगन सहित अन्य व्यापारी एवं समर्थक मौजूद थे।

## एयू के रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर छात्र-छात्राओं ने की फिर शिकायत

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में परीक्षा विभाग में विधि संकाय एवं अन्य संकायों के परीक्षा परिणामों में हो रही गड़बड़ियों और प्रशासनिक लापरवाही की फिर से शिकायत हुई है। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन से जुड़े कुछ छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

अटल यूनिवर्सिटी में आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला उपाध्यक्ष अदिति वर्मा के साथ छात्र-छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल परीक्षा विभाग पहुंचा था। इनका कहना है कि विधि संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं, जिनमें अनेक गंभीर विसंगतियां एवं प्रशासनिक लापरवाही सामने आ रही है। अनेक नियमित रूप से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा में अनुपस्थित दर्शा दिया गया है। कई विषयों में विद्यार्थियों को समान अंक मिले हैं। कुछ एटीकेटी पूरक परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के अंक भी उनके पिछले वर्ष के प्राप्तांकों की हुबहू पुनरावृत्ति के रूप में अंकित कर दिए गए हैं। कौशलेन्द्र राव विधि कालेज में बीकाम एलएलबी के कुल 36 में से केवल चार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया में गंभीर त्रुटि, परीक्षण में लापरवाही तथा परिणाम तैयार करने में प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है। छात्र-छात्राओं की मांग है कि विधि संकाय के घोषित सभी संदिग्ध परीक्षा परिणामों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।



पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग

## गौधाम विस्तार को मिली रफ्तार 5 स्वीकृत, 12 नए प्रस्ताव लंबित

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय गौधाम समिति की महत्वपूर्ण बैठक में जिले में गौसंरक्षण और गौधाम संचालन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में स्वीकृत गौधामों के संचालन, नए प्रस्तावों की स्थिति और अपूर्ण आवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए ठोस निर्णय लिए गए। जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक जिला अध्यक्ष धीरेंद्र दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सदस्य रमाकांत पांडे, इतवारी धीवर, रामकृष्ण साहू, डॉ.जीएस तंवर सचिव एवं संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं तथा डॉ.बीपी सोनी जिला नोडल अधिकारी, गौधाम योजना सहित विकासखंड स्तरीय समिति के पदाधिकारी और स्वीकृत गौधामों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 39 गौधामों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 5 गौधाम राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 4 गौधाम वर्तमान में संचालित हैं, जबकि कनई खोंधरा का गौधाम शुरू होना शेष है। इसके अलावा 12 नए गौधामों के प्रस्ताव गौ सेवा आयोग को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं, जिनमें रहंगी, पराघाट, निरतू, नेवरा, छतौना, मौपका, लावर, किरारी भरनी, घुटकू, खजुरी नवागांव एवं काठाकोनी शामिल हैं। बैठक में कुल 19 प्रस्तावों पर विचार किया गया।



19 प्रस्तावों पर हुआ अहम निर्णय

## चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज और सत्या ऑटो के बीच एमओयू

एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** छात्रों के कौशल विकास और उन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप रूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज और सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए इंटर्नशिप, प्लेसमेंट प्रोग्राम और उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि करना है।

इस एमओयू के तहत दोनों संस्थानों ने अपनी भूमिकाएं स्पष्ट की हैं, ताकि छात्रों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की भूमिका योग्यता का निर्धारण करने में जिसमें यह सुनिश्चित करेंगे कि इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए जाने वाले छात्र आवश्यक शैक्षणिक मानकों और तकनीकी मापदंडों को पूरा करते हों। आवेदन और चयन की पूरी प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन सहयोग करेगा। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों के प्रदर्शन पर कॉलेज निरंतर नजर रखेगा और सत्या ऑटो के साथ नियमित संवाद बनाए रखेगा। प्लेसमेंट प्रक्रिया में सहायता के लिए कॉलेज छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रदर्शन मूल्यांकन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। इस एम्ओयू में सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड की भूमिका अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना। जिसमे कंपनी छात्रों की योग्यता और कौशल के आधार पर। उन्हें सार्थक इंटर्नशिप और स्थायी प्लेसमेंट के अवसर देगी। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन और सलाह दी जाएगी। जिससे वे औद्योगिक कार्यप्रणाली को समझ सकें। इंटर्नशिप की समाप्ति पर कंपनी छात्रों के काम का मूल्यांकन करेगी और उन्हें सुधार के लिए रचनात्मक प्रतिक्रिया देगी। सत्या ऑटो अपने यहाँ उपलब्ध प्रासंगिक नौकरियों की जानकारी नियमित रूप से कॉलेज के साथ साझा करेगी।

चौकसे ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने कहा कि इस समझौते से न केवल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, बल्कि उन्हें सीधे औद्योगिक परिवेश में अपनी । प्रतिभा दिखाने का मौका भी मिलेगा। कॉलेज प्रबंधन ने इस पहल को छात्रों के करियर । निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया है।



## खबर संक्षेप

### 1186 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में लगातार यातायात नियमों के पालन कराने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों एवं सुरक्षा मापदंडों का उल्लंघन करने वालों पर सघन एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तह 1186 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण कोर्ट में भेजा गया। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि अधिकांशत सड़क दुर्घटनाओं शाम 16:00 से रात्रि 21:00 तक एवं दोपहर को 12 से शाम 6 बजे तक सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है। सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया कार, पिकअप, ट्रक एवं अन्य वाहन चालक जिम्मेदार पाए जाते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल व भारी वाहनों का डायवर्सन एवं एकांगी मार्गों का अधिक उपयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन यातायात के जवान व अधिकारी तैनात कर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने यातायात के जवान मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। बिलासपुर शहर सहित जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एमडीआर में अधिकांश स्थलों, मार्गो, चौक चौराहों पर ट्रैफिक संकेत और सड़क चिन्ह लगाए गए हैं।

### सिलेण्डर चोरी करने का आरोप लगाकर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** गैस सिलेण्डर चोरी करने का आरोप लगाकर युवकों ने एक युवक के साथ हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, पीसीसी कंपनी में काम करने वाले कमलेश पाल पिता स्व. जन्तराम पाल 6 अप्रैल को कंपनी के सुपरवाइजर अनुज के साथ बैठकर रात मे शराब पीए। उसके बाद वे घर जा रहे थे। नयापारा सामुदायिक भवन के पास भागीरथी श्रीवास उसका भाई व अन्य युवक ने गैस सिलेण्डर चोरी करने आने का आरोप लगाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का डण्डा बेल्ट से जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झपट्टा मारकर युवती से मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** स्कूटी से जा रही युवक के हाथ से झपट्टा मारते हुए मोबाइल लूटकर बाइक सवार युवक भाग गया। पुलिस युवक का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 7 अप्रैल को शाम 6 बजे सिंधी कालोनी निवासी पलक बजाज पिता राजा बजाज सीए के काम से गांधी चौक स्थित एसबीआई बैंक गई थी। काम करके वह स्कूटी से शिव टाकीज चौक होते हुए घर जा रही थी। चौक में स्कूटी धीरे कर पुराना बस स्टैण्ड की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा से दो युवक आए और पीछे बैठे युवक ने स्कूटी की डिक्की में रखे उनके मोबाइल को झपट्टा मारकर निकाल लिया और तेजी से भाग गए। उन्होंने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, किन्तु युवक भाग निकले। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।


**जीनस कंपनी के पास नहीं हैं कर्मचारी** | **सकरी बिजली कार्यालय में दिख रही गजब की भर्राशाही**

# मीटर लगाने में बिजली विभाग को लग रहे 15 दिन, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका देकर चैन की नींद सो रहा है, लेकिन उसकी उदासीनता बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन रही है। डिमांड ड्राफ्ट और भुगतान होने के बाद भी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लिए तरसना पड़ रहा है, जिससे एक ओर आर्थिक बोझ से जूझना पड़ रहा है, वहीं घरों में अचानक लोड बढ़ने से बिजली बंद की समस्या आ रही है।

मामला सकरी बिजली कार्यालय के अंतर्गत नेचर सिटी का है। गर्मी बढ़ते ही बिजली बंद की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में एसी और कूलर के कारण घरों में लोड की समस्या आ रही है, जिसका सीधा असर ट्रांसफार्मर पर पड़ने लगा है। ऐसे में उपभोक्ता स्वयं के व्यय से घरों में बिजली मीटर लोड बढ़ावा रहे हैं, सिंगल कनेक्शन से थ्री फेस कनेक्शन लिया जा रहा है, लेकिन बिजली विभाग उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने और नया मीटर लगाने में कोताही बरत रहा है। हाल यह है कि डिमांड ड्राफ्ट और भुगतान होने के बाद मीटर के लिए जीनस कंपनी के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका दिया गया है, उसके पास कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। जिसके चलते उपभोक्ताओं के घर, कार्यालय में मीटर नहीं लगाया जा सका है, हालत यह है कि आवेदन के 15 दिनों के बाद भी मीटर नहीं लग रहा है। इसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




### नहीं सून रहे कर्मचारी

खास बात यह है कि जहां बिजली विभाग के उच्च अधिकारी ज्यादा से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बल दे रहे हैं, वहीं कर्मचारी इसके लेकर कोताही बरत रहे हैं। स्मार्ट मीटर के लगाने को लेकर अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाई जा रही है, और अधिकारियों के द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया जा रहा है लेकिन कर्मचारियों को अधिकारियों का भय तक नहीं है। ऐसे में 15 दिनों तक उपभोक्ताओं के घरों में कनेक्शन नहीं लग रहा है।

### कार्रवाई की जाएगी

भुगतान होने के 2 दिनों के भीतर मीटर लगाया जाना चाहिए। जिन कर्मचारियों ने मीटर लगाने में कोताही बरती है, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

-**एसके जांगड़े**, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग

## गर्मी आते ही सूखे पौधे...





*__बिलासपुर।__ हर साल बारिश में सड़कों के किनारे, डिवाइडर पर पौधे रोपे जाते है, लेकिन गर्मी का मौसम आते-आते यह सूखने की कगार पर पहुंच जाते है। यही कारण है कि शहर के कई जगहों पर सूखे पौधे नजर आ रहे हैं और डिवाइडर पूरी तरह से उजाड़ होने लगा है। शहर के राजीव गांधी चौक, तेलीपारा, लिंक रोड जैसे जगहों पर महज पौधों के ठूठ दिखाई दे रहे हैं। दरअसल इन पौधों को पानी देने का काम नगर निगम विभाग का है, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते पौधे अब सूख चुके हैं। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को छाया ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेगी।*



# ननि कमिश्नर ने अनुपस्थित कर्मचारियों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने बुधवार दोपहर बाद निगम मुख्यालय विकास भवन स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए दो क्लर्क को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

■ **लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व साफ-सफाई के दिए निर्देश**

नगर निगम के अधिकारियों - कर्मचारियों की दोपहर बाद उपस्थिति को परखने के लिए नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने आज शाम करीब साढ़े चार बजे निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शाखाओं में जाकर फाइलों की जांच की और लंबित प्रकरणों को समय सीमा के भीतर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अपनी सीट पर अनुपस्थित पाए गए योजना शाखा के दो कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निगम कमिश्नर ने उन कर्मचारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी तरह कार्यालय के स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में फाइलों का व्यवस्थित प्रबंधन और नियमित साफ-सफाई अनिवार्य है ताकि यहां आने वाले नागरिकों को एक सुखद अनुभव मिलें और कार्यक्षमता में वृद्धि हो।



### आवास शाखा के कर्मचारी को नोटिस

निगम कमिश्नर ने निगम की सभी शाखाओं में जाकर फाइलों के रखरखाव और उनके निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास शाखा के निरीक्षण दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की और पाया कि कुछ प्रकरण लंबे समय से लंबित है। जिसपर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ जल्द से जल्द मिले। प्रधानमंत्री आवास शाखा में आवेदनों के निराकरण में देरी करने पर संबंधित क्लर्क को भी नोटिस करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा भवन शाखा में भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए है। पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत सभी विभागों के सामने पट्टिका अत तक नहीं लगने पर भी स्टोर प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है।

## खनिज विभाग की कार्रवाई

# खनिज चोरों की आई शामत, जेसीबी पोकलेन सहित 21 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 14 ट्रैक्टर, 5 हाईवा, 1 जेसीबी व 1 पोकलेन सहित 21 वाहनों की जब्ती की है। जब्त सभी वाहनों को अलग-अलग थानों व पुलिस चौकियों में रखा गया है।

खनिज चोरों के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण के विभिन्न मामलों में तीन दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई कर बड़ी सफलता प्राप्त की गई है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा रतखंडी व धुमा, मानिकपुर लावर व राजपुर केकती क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान रतखंडी क्षेत्र अंतर्गत अरपा नदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध उतखनन व परिवहन करते 10 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जब्त किया गया है। इसी तरह धुमा मानिकपुर क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन व परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन व 04 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।



लावर क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 01 हाइवा जब्त किया गया है। राजपुर केकती क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते 01 जे सी बी व 04 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। बुटेना क्षेत्र से मुरुम का अवैध उत्खनन करते 01 जे सी बी वाहन को जब्त किया गया है। इस प्रकार जब्त कुल 21 वाहनों को पुलिस चौकी बेलगहना तथा खनिज जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने पिछले तीन दिनों में खनिज चोरी में संलिप्त एक पोकलेन, एक जेसीबी, पांच हाईवा सहित 21 वाहनों की जब्ती की है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जाती रहेगी।

-**किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक, खनिज विभाग

### बेरियर बूम को क्षतिग्रस्त करने वाला पकड़ा गया

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर से जयरामनगर के बीच एलसी गेट पर कर्मचारी ने जैसे ही बेरियर को ओपन किया, वैसे ही गाड़ी को चालक ने तत्काल आगे कर दिया। गाड़ी से टकराकर बेरियर बूम क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण कुछ घंटो तक हावड़ा-मुम्बई की लाइन भी प्रभावित हुई। वहीं सूचना मिलते ही आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालक शाहरूख खान को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 14.10 बजे बिलासपुर आरपीएफ को जयरामनगर स्टेशन में ड्यूटी कर रहे प्रधान आरक्षक एमके राठौर से सूचना मिली कि समपार फाटक को वाहन क्रमांक सीजी 10 बीवाय 1705 के चालक ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक एसबी सिंह, आरक्षक उज्जवल किशोर 15.30 बजे जयरामनगर समपार फाटक पहुंचे। गेट पर मौजूद रेलकर्मी गेटकीपर संदीप कुमार ने पूछताछ में जानकारी दी कि समपार फाटक हावड़ा-मुम्बई लाइन पर है, जहां ट्रेन रवाना होने के बाद बेरियर को ओपन करने के लिए बटन दबाया, जिसके बाद हूटर बजना शुरु हो गया। इस दौरान एफसीआई गोदाम की ओर से आ रहे एक ट्रेलर वाहन के चालक ने बंद समपार फाटक को लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। इसके कारण लाइन और फाटक के दोनों ओर यातायात प्रभावित हो गया। बेरियर बूम के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर संबंधित विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरु किया। वहीं आरपीएफ को आरोपी वाहन चालक बभनी थाना बरडीहा गढ़वा झारखंड निवासी शाहरूख खान पिता मोहम्मद आजाद खान 22 वर्ष से जानकारी मिली कि वह अमित कुकरेजा की गाड़ी चलाता है और राशी प्लांट से खाली ट्रेलर वाहन लेकर एफसीआई गोदाम की ओर से जयरामनगर एलसी गेट पहुंचा था, जहां जल्दबाजी में निकलने के चक्कर में घटना हो गई। पूछताछ के बाद आरपीएफ ने आरोपी वाहन चालक शाहरुख खान के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 160 (बी), 174(सी) के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है।

### टूटी ट्रॉली से ढोई जा रही दवा, सिम्स में अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाखों रूपए खर्च कर सिम्स प्रबंधन दवा वितरण और संग्रहण के लिए ट्रॉली की खरीदी कर चुका है लेकिन गुणवत्ताहीन ट्रॉलियों के कारण कर्मचारियों को सहुलियत की जगह परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन प्रबंधन को इसकी जानकारी तक नहीं है।

सिम्स का मेडिसीन स्टोर अस्पताल से बाहर स्थित है। स्टोर से हर वार्ड में दवाईयां पहुंचाने के लिए ट्रॉली मंगाई गई है, लेकिन इस गुणवत्ताहीन ट्रॉलियां टूटने लगी है। चक्के निकलने के बाद इन्हें घसीट कर ले जाना पड़ रहा है। जिससे कर्मचारियों के साथ ही मरीजों को भी असुविधा का समना करना पड़ रहा है। इससे एक-एक वार्ड तक दवा पहुंचाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। बताया जा रहा है कि वार्ड प्रभारी व डाक्टर को इसकी जानकारी भी है, लेकिन इसके बावजूद टूटी ट्रालियां से ही ग्राउंड फ्लोर से 4 फ्लोर तक दवा पहुंचाई जा रही है।



### अवैध शराब बेचते किन्नर गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने अवैध शराब बेचते किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 42 पाव देशी शराब जब्त किया गया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, व्यापार विहार क्षेत्र में किन्नर अमन यादव पिता सुनील यादव 37 साल तारबाहर निवासी अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। उसके पास से 42 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**जांच व निरीक्षण पूरा, अब भारत सरकार को जाएगी रिपोर्ट**

# विशेषज्ञों की जांच पूरी, चिकन की बिक्री पर प्रतिबंध हटाने अब रिपोर्ट का इंतजार

**बिलासपुर।** बर्ड फ्लू के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की जांच करने पिछले तीन दिनों से शहर में ठहरी एम्स रायपुर की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने बुधवार को अपनी जांच पूरी कर ली है। अब वे अपनी जांच की विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार व कलेक्टर को सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर ही पिछले 21 दिनों से चिकन की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।

■ **एम्स रायपुर के चार विशेषज्ञों की टीम ने तीन दिनों तक किया सतत निरीक्षण**

बर्ड फ्लू का असर मुर्गे, मुर्गी व चूजों में तो देखा गया, लेकिन क्या इसका असर शहर व आसपास निवासरत नागरिकों में भी फैल चुका है? इस बात का पता लगाने भारत सरकार के निर्देशानुसार एम्स रायपुर की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम बिलासपुर शहर पहुंची थी। यहां उन्होंने शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी का कई बार निरीक्षण किया था। इसी तरह दूसरे दिन भी वे प्रक्षेत्र जाकर कर्मचारियों का हालचाल लेते रहे। टीम के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य अमले की भी बैठक लेकर संदिग्धों का आरटीपीसीआर टेस्ट करने का निर्देश दिया था।निरीक्षण के तीसरे व अंतिम दिन टीम ने बुधवार को वेटनरी कॉलेज व आसपास के गांव का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि बर्ड फ्लू की चपेट में आने के बाद वेटनरी कॉलेज में भी 1895 मुर्गे, मुर्गियों एवं चूजों का नष्टीकरण किया गया था। इसके बाद पूरे क्षेत्र को सेनेटाईज किया गया था। विशेषज्ञों ने कॉलेज में सेनेटाईजेशन की स्थिति की सूक्ष्म जांच की। टीम अब अपने तीन दिनों तक किए निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर व भारत सरकार को सौंपेगी। इसी आधार पर बिलासपुर शहर में चिकन व अंडों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।



### पूरी हो गई है जांच

एम्स रायपुर के विशेषज्ञों की टीम ने अपनी जांच पूरी कर ली है। अब वे विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर व भारत सरकार को सबमिट करेंगे। इस रिपोर्ट के आधार पर ही शहर में चिकन व अंडों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया जा सकेगा।

-**डा.जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### अंचना बनीं भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष



**सेतगंगा/मुंगेली।** सेतगंगा भाजपा मंडल सेतगंगा में इंजीनियर अंचना बंजारा को महिला मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे लंबे समय से संगठन से जुड़ी रही है। विद्यार्थी जीवन में भी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकमो में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाती रही है। वे पूर्व में जिला पंचायत चुनाव भी लड़ चुकी है। प्रदेश, जिला एवं ग्रामीण अंचल से भी उनका अच्छा प्रभाव है। इसी के चलते पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में महिला मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### भगवान श्रीराम ने विश्व को दिया मर्यादा का संदेश



**बेलतरा।** ग्राम उरतुम में आयोजित पांच दिवसीय रामचरित मानस रामायण पाठ में विधायक प्रतिनिधि उमेश गौराहा शामिल हुए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि, धर्म भारत की आत्मा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन धर्म, सत्य और कर्तव्यपरायणता का सर्वोच्च आदर्श है। भगवान श्रीराम ने भारत को और विश्व को मर्यादा का संदेश दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रजनीश पांडेय ने की। कार्यक्रम में भूपेंद्र गौरहा, सोनू गौरहा, गनपत केवट, सुशील यादव, मनोज केवट, शैलेन्द्र काछी, रागनी पांडेय, कृष्ण विहारी दुबे, भुवन यादव, नंद किशोर पटेल, जागेश्वर केंवट, अश्विन तिवारी, विजय श्रीवास सहित सैकड़ों की संख्या में रामायण प्रेमी उपस्थित रहे।

### किसान संघ मरवाही की मासिक बैठक




**मरवाही।** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामनारायण राय, मंत्री सीताराम कैवर्त, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता की ओर से विगत माह के 30 एवं 31 तारीख को रायपुर में प्रशिक्षण के बाद मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि, हर गांव में ग्राम समिति का गठन किया जाए, जिससे सभी किसान एकजुट होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। उन्होंने कहा, स्थानीय कोसली गाय का पालन बढ़ाया जाए, जिससे कम खर्च में बेहतर लाभ और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले। जिला मंत्री ने जैविक खेती को अपनाकर सब्जी एवं देशी नस्ल के गाय दूध का उचित मूल्य प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। उक्त कार्यक्रम में प्रसार प्रमुख सावन राय, युवा प्रमुख माखन रजक, तहसील अध्यक्ष चूड़ामणि केवट, राकेश त्रिपाठी, रामजी राय, लवन सिंह पेंद्रो, भुवनेश्वर सिंह, केवल सिंह, ओंकार राय, रामसिंह, सुंदर सिंह एवं नीरज कुशवाहा समेत अन्य किसान उपस्थित रहे।

### सामाजिक बैठक में सेन जयंती मनाने पर चर्चा



**मुंगेली।** सर्व सेन श्रीवास समाज की सामाजिक बैठक में 14 अप्रैल सेन महाराज की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बिलासपुर से सर्व सेन श्रीवास समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चंद श्रीवास, संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास, सहसचिव सुमित श्रीवास, राजू श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, गोरेलाल श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास ने बिलासपुर में आयोजित शोभायात्रा में सम्मिलित होने आमंत्रित किया। जिसमे जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास ने मुंगेली में जयंती मनाने के विषय में चर्चा की। बैठक में सीताराम, रमेश, मोहन, कार्तिक राम, संतोष, अनिल, सोनू, टिकेश, अशोक, गणेश, महेश, पारस, भोला, दीपक, रामजी, सागर, मेलाराम एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### शिविर में बनाए गए 54 नए श्रमिक कार्ड



फोटो केप्सन- 05 पंजीयन शिविर में हितग्राही

**मुंगेली।** श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। हीरालाल वार्ड मुंगेली और नगर पंचायत जरहागांव के समरसता भवन में आयोजित शिविर में क्षेत्र के श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 54 श्रमिकों के नए श्रमिक कार्ड बनाए गए, वहीं 10 श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया।

## जनदर्शन में सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# सीएचसी शिफ्टिंग पर फूटा लोगों का गुस्सा, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत जरहागांव में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्राम पंचायत छतौना में स्थानांतरित किए जाने के निर्णय ने पूरे क्षेत्र में भारी असंतोष और गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है। वर्षों से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उम्मीद लगाए बैठे ग्रामीण अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। मंगलवार को यह नाराजगी उस समय खुलकर सामने आई जब बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे और प्रशासन के निर्णय पर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने मुंगेली कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए साफ कहा कि, जरहागांव के लिए स्वीकृत सीएचसी को किसी भी हालत में अन्यत्र शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि, 30 अप्रैल 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जरहागांव में सीएचसी खोलने की घोषणा की गई थी। उस घोषणा से लोगों में उम्मीद जगी थी, लेकिन अब इसे छत्तौना स्थानांतरित करने की तैयारी को वे अपने अधिकारों के साथ सीधा धोखा मान रहे हैं।



### जनदर्शन में लगाई गुहार

जनदर्शन में पहुंचे लोगों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि, यदि जल्द निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। लोगों का कहना है कि, यह सिर्फ अस्पताल का मामला नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के अधिकार और विकास से जुड़ा मुद्दा है। जरहागांव सहित आसपास के दर्जनों गांव इस स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं। हर कोई चाहता है कि, स्वास्थ्य केंद्र जरहागांव में ही बनेग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। यदि उनकी मांगें अनसुनी की गईं, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसमें चक्का जाम, धरना-प्रदर्शन, रैली और प्रशासनिक घेराव जैसे बड़े कदम शामिल हो सकते हैं।

### शिक्षा व्यवस्था भी चरमराई

स्वास्थ्य संकट के साथ-साथ क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था भी बदहाल होती जा रही है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और स्थानीय महाविद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि नियमित कक्षाएं नहीं लगने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विषयों के शिक्षक नहीं होने से छात्र अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने को मजबूर हैं, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है।

### जरहागांव का हक है

कांग्रेस नेता रामचंद्र साहू के नेतृत्व में नगरवासियों ने कलेक्टर को स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि, जरहागांव का हक है कि सीएचसी यहीं बने और इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संघर्ष करना होगा। यदि जरहागांव में भवन नहीं बनता है, तो कारण स्पष्ट करना होगा।

### छत्तौना में भूमि प्रस्तावित

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण ग्राम पंचायत छत्तौना में भूमि प्रस्तावित है, जहां सर्वसुविधा को ध्यान में रखकर भवन निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राजनीतिक एवं प्रशासनिक मंजूरी दी जा चुकी है।

- डॉ शीला साहा, सीएमएचओ मुंगेली

## डाक्टरों ने 3 वर्षीय मासूम के गले से निकाला सिक्का



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की सजगता और त्वरित चिकित्सा व्यवस्था से 3 वर्षीय मासूम की जान बचाने में बड़ी सफलता मिली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि मुंगेली विकासखंड के ग्राम कोसमतरा निवासी 3 वर्षीय हिमांशी साहू ने खेल-खेल में अचानक एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले की आहार नली में सिक्का फंस गया। परिजनों ने तत्काल बच्ची को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां एक्स-रे जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची के गले की आहार नली में सिक्का फंसा हुआ है। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने बताया कि समय पर मिली चिकित्सा सहायता से बच्ची सुरक्षित है और अब पूरी तरह स्वस्थ है। जिला चिकित्सालय के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मधु ध्रुव सहित पूरी टीम ने दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने सक्रिय रहें अधिकारी-कर्मचारी



**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आंकलन किया गया।

बैठक के दौरान डॉ. साहा ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा की। इसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 'चिरायु', राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रत्येक योजना के अंतर्गत प्राप्त भौतिक उपलब्धियों एवं वित्तीय व्यय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करवाई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. साहा ने स्पष्ट कहा कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कम प्रगति वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और आगामी दिनों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. साहा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आमजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सक्रियता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा।

## टीबी उन्मूलन अभियानः ग्राम सारधा में आयुष्मान आरोग्य शिविर



**लोरमी।** ग्राम सारधा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ टीबी रोग की पहचान हेतु एक्स-रे एवं स्क्रीनिंग जांच की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जिले को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, 24 मार्च से जिले के 149 हाई रिस्क गांवों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से टीबी के लक्षणों की पहचान कर बलगम जांच और पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से स्क्रीनिंग की जा रही है। जिला टीबी अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि, भारत सरकार द्वारा जिले को तीन हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। वर्तमान में एक मशीन विकासखंड लोरमी में कार्यरत है, जबकि अन्य मशीनें लाइसेंस प्राप्त होने के बाद पथरिया एवं मुंगेली विकासखंड में भी सेवाएं देंगी। शिविर में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, डायबिटीज से पीड़ति, धूम्रपान करने वाले, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले तथा कुपोषित व्यक्तियों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की गई। उन्होंने कहा कि, इस पहल से लक्षण रहित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान संभव होगी, जिससे समय पर उपचार देकर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाउ, अभिषेक तिवारी, शैलेन्द्र पांडे, अमित सिंह एवं धीरज रात्रे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपपंजीयक पर रजिस्ट्री नहीं करने का आरोप, किसान ने की शिकायत

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र के ग्राम जोता निवासी एक किसान ने उप पंजीयक कार्यालय पथरिया के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए रजिस्ट्री नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पीड़ित किसान ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोता निवासी संतोष कुमार पठोर 51 वर्ष अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराने उप पंजीयक कार्यालय पथरिया पहुंचे थे। किसान का आरोप है कि, कार्यालय में मौजूद अधिकारी द्वारा उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका उन्होंने संतोषजनक जवाब दिया। इसके बावजूद उप पंजीयक रजिस्ट्रार ने असंतुष्टि जताते हुए रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया। पीड़ित किसान ने बताया कि, वह पैरालिसिस से ग्रसित बुजुर्ग हैं, इसके बावजूद उन्हें बार-बार कार्यालय के अंदर बुलाकर परेशान किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि, इस तरह की समस्या अन्य किसानों के साथ भी हो रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। वहीं, सेवा सहकारी समिति सिलतरा के अध्यक्ष हरबंस राजपूत ने भी उप पंजीयक कार्यालय के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि, वहां पदस्थ रजिस्ट्रार का किसानों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि, मंगलवार को ग्राम जोता के कई किसान रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे, जहां संबंधित किसान को बार-बार बुलाया गया, लेकिन अंत तक उसकी रजिस्ट्री नहीं की गई। मामले को लेकर संतोष कुमार पठोर ने एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपकर उप पंजीयक के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में किसान की शिकायत प्राप्त हुई है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-रेखा चंद्रा, एसडीएम पथरिया

### बयान देने का अधिकार नहीं

हमें बयान देने का अधिकार नहीं है, अधिकार जिला पंजीयक को है। शिकायत पर मैं एसडीएम मैम को बता दूंगा।

- अभिषेक शर्मा, उप पंजीयक

## कहीं पानी सप्लाई में बाधा तो कहीं रखरखाव की कमी

# बंद पड़े हैं नगर के मुख्य स्थानों पर लगे वाटर कूलर

**मुंगेली।** नगर के प्रमुख स्थानों पर लगे वाटर कूलर बदहाल स्थिति पर पड़े हुए हैं। दानदाताओं द्वारा लगाए गए वाटर कूलर शुरू तो हैं किन्तु नल कनेक्शन कट जाने से इसका लाभ लोगों नहीं मिल पा रहा है। लोग गर्मी के दिनों में प्यासे भटक रहे हैं। कुछ वाटर कूलर मेंटनेंस के अभाव में बंद पड़े है।

गर्मी को देखते हुए नगरीय प्रशासन पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने में लगा हुआ है। बंद पड़े वाटर एटीएम को दुरुस्त किया जा रहा है। पुराना बस स्टैड में गांधी पुतला के पास वाटर कूलर लगाया गया है जो चालू तो है किन्तु नल कनेक्शन कट जाने के कारण इसमें पानी नहीं आ रहा है। इसी तरह से नया बस स्टैड और बुधवारी बाजार में नगर पालिका द्वारा वाटर एटीएम मशीन लगाई गई है जो आए दिन खराब रहती है। वाटर एटीएम का सुधार कार्य आए दिन पालिका द्वारा कराया जाता है किन्तु कुछ दिन चलने के बाद हालात जस का तस हो जाता है। प्रमुख स्थल गोल बाजार हनुमान मंदिर के पास लगा वाटर कूलर बंद पड़ा है। गर्मी का मौसम दस्तक देते ही शहर के मुसाफिरों और राहगीरों को अधिक पैसा खर्च कर खरीद कर पानी पीना पड रहा है। खासकर उन लोगों के लिए गंभीर समस्या है जो दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से सरकारी काम के लिए शहर पहुंचते हैं या फिर जो सफर के दौरान जेब में पैसों के कमी से पानी की कमी महसूस करते हैं।



### असामाजिकतत्व पहुंचा रहे नुकसान

उचित देखरेख की कमी के कारण एवं बंद बॉटल बेचने के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा इसे नुकसान पहुंचाया जाता है। यह एटीएम आये दिन बंद पड़ा रहता है जिसे समय-समय पर नगर पालिका द्वारा सुधार कर निःशुल्क पानी प्रदाय किये जाने की योजना है। रख-रखाव नही होने के कारण अंधियारी-उजियारी का खेल होता है, कभी चलता है तो कभी पानी बंद रहता है। इससे ना केवल मुसाफिरों को परेशानी हो रही है। गर्मी का मौसम प्रारंभ होने के बाद भी नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शुरू किए जाने वाले प्याऊ घर का शुभारंभ भी नहीं किया गया है। जिसके चलते बाहर से आने-जाने वाले राहगीरों एवं आम लोगों को प्यास बुझाने के लिए हॉटलों एवं बोतल बंद पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है।

### दिए गए हैं निर्देश

वाटर एटीएम को नियमित रूप से चालू रखने के लिए निर्देशित किया गया है। दानदाताओं द्वारा लगाये गये वाटर कूलर पुनः शुरू कराया जाएगा।

-होरी सिंह ठाकुर, सीएमओ, नगर पालिका परिषद मुंगेली

## राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है भाजपा



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर शक्ति केंद्र करनकापा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। इस दौरान संबोधन में श्री राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करें, जिससे समाज के हर वर्ग को उसका लाभ मिल सके। उपस्थित सभी सदस्य नवधा रामायण में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमोद कौशिक, मण्डल महामंत्री कश्यप, मयंक पाण्डेय , टीकम कौशिक , राजाराम साहू , आनंद साहू, रुपेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पार्टी के स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण



**कोदवाबानी-मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर जन सेवा समर्पित लक्ष्य अंत्योदय का संकल्प 'सेवा ही संगठन' के मूल मंत्र पर चलने भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास के निवास पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महामंत्री नितेश भारद्वाज ने कार्यक्रमों के दौरान सामाजिक सरोकारों पर विशेष ध्यान दिया। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाने के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाज के प्रतिष्ठित लोगों का सम्मान किया, साथ-साथ सरकार के योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन को दी। पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, नितेश भारद्वाज महामंत्री ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में गुलशन सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उमेश विश्वकर्मा महामंत्री, गोलू पांडे महामंत्री, ज्ञान सिंह राजपूत किसान मोर्चा महामंत्री, चंद सिंह ध्रुव आदिवासी समाज से महामंत्री, खुशदेव साहू, जनक साहू, मोहित यादव, भास्कर श्रीवास महामंत्री, डॉ आरए श्रीवास, डॉ करण राम पटले, संजय सिंह राजपूत, दिलेश्वर यादव, आत्माराम साहू, अनामिका श्रीवास, कावेरी श्रीवास, चंद्रकली ध्रुव, डोली यादव, दुल बाई साहू, रामाधार साहू, नरेश वर्मा, गोवर्धन पटले, ताराचंद जांगरे, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, चमन सिंह राजपूत, श्यामू निर्मलकर, संजय निर्मलकर, राजेश्वर, करण यादव, उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस



**लोरमी।** भारतीय जनता का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रणेता एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सहित सभी महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके द्वारा स्थापित सिद्धांतों एवं राष्ट्र सेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष सुशील यादव ने दिया। सभा को भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, संतोष साहू राकेश दुबे रामेश्वर बंजारे, महेंद्र खत्री राजेन्द्र सलूजा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संदीप सोनी ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने किया। अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, अशोक जयसवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजना देवी दास , माधव तिवारी सावित्री राजपूत, जिला महामंत्री घनेद्र राजपूत, मेघा वैष्णव ,रामावतार राजपूत तितारा राजपूत ,फागु यादव, शत्रुहन यादव, तामेश्वर साहू, मुकुल तिवारी, मुकेश जायसवाल, श्रेया त्रिपाठी, हितेश सपारिया, रेखा ठाकुर, अंजली शर्मा, शीतला जायसवाल, प्रतिमा श्रीवास, पूर्णिमा अहिरवार ,आदित्य ध्रुव, सुरेंद्र साहू ,दुर्गेश तिवारी, कुंज बिहारी तिवारी ,छेदु यादव ,उमेश ध्रुव , रघुनाथ साहू, पारस साहू ,देवेंद्र केसरवानी ,गोलू विश्वकर्मा, भीषम राजपूत, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्थापना दिवस पर हरनाचाका में भाजपा का कार्यक्रम



**लालपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर लालपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरनाचाका में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम सरपंच नारायण राजपूत के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर 'स्वच्छता अभियान' चलाकर गांव की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। अभियान में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी ध्वज वंदन के साथ हुई, इसके पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं कहा कि, भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से कहा कि, वे जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं।

## अधिक दर पर यूरिया देने का विरोध, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** थोक खाद विक्रेताओं के द्वारा फुटकर व्यापारियों को निर्धारित शासकीय दर से काफी अधिक दर में यूरिया दिए जाने के विरोध में जिले के फुटकर व्यापारियों द्वारा संगठित होकर कृषि विभाग के उपसंचालक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फुटकर व्यापारियों ने लिखा गया है कि वे यूरिया सहित अन्य समस्त खाद बेचने के लिए थोक व्यापारियों से ही खरीदी करते हैं परंतु थोक व्यापारियों के द्वारा निर्धारित दर से काफी उच्च दामों में हमें खाद दिया जाता है साथ ही बड़ी मात्रा में अन्य रासायनिक सामान वह भी जबरदस्ती काफी ऊंची कीमत में दिया जाता है जिसकी वजह से हम समस्त फुटकर विक्रेता शासन के निर्धारित दर पर खाद बेचने में असमर्थ हैं। अतः समस्त फुटकर व्यापारियों ने कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें निर्धारित दर में खाद उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुंगेली, लोरमी खाम्ही, चंदली, लकड़ा, बीजातराई, सेतगंगा, देवरी, सरगांव, पथरिया, फास्टरपुर, जरहागांव सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र के फुटकर विक्रेता थे।